(घ) इसके कारण क्या हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) प्रचालन की कुल लागत और बाजार की स्थिति पर विचार करने के बाद इंडियन एयरलाइन्स द्वारा किराए निर्धारित किए जाते हैं । दिनांक 1-3-94 से वायु निगम अधिनियम 1953 के निरसन के बाद से अब इंडियन एयरलाइन्स अपने किराए निर्धारित करने के लिए सक्षम है । एयर टैक्सी प्रचालकों के विमान किराए ढांचे को नियमित करने के लिए एअर टैक्सी मार्गदर्शी सिद्धांत में कोई प्रावधान नहीं है ।

मुम्बई स्थित एरोब्रिज का बार-बार ढहना

1416. **श्री अजीत जोगी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुम्बई विमानपत्तन पर बना एरोब्रिज अक्सर ढह जाता है ;

(ख) यदि हां, तो 1990, 1991 और 1992 के वर्षों में क्रमशः हुई उपर्युक्त घटनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) मुम्बई विमानपत्तन के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए क्या क्या कदम उठाए गए हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, नहीं । बम्बई हवाई अड्डे पर एरोब्रिज के उप प्रचालन की केवल एक घटना हुई थी जो 19-4-92 को घटी थी ।

(ग) मामले की छानबीन की गई और इसमें अंतर्ग्रस्त अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है ।

(घ) निम्नलिखित कदम उठाए ग हैं :—

(1) एयरोब्रिज आपरेटरों को प्रशिक्षित किया गया है ।

(2) एक विशेषज्ञ फर्म के माध्यम आवधिक जांचें, सर्विसिंग तथा निगा रख-रखाव किए जा रहे हैं ।

मध्य प्रदेश में हवाई पट्टियों का विका तथा उन पर किया जाने वाला खर्च

1417. **श्री अजीत जोगी** : क **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री ब बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में अनेक हव पट्टियों में वायुदूत सेवाएं बंद कर गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या का हैं ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने इ सेवाओं को पुनः शुरु करने हेतु हव पट्टियों के विकास और विस्तार के लि भूमि देने तथा उन पर किये जाने व खर्च में हिस्सेदारी करने की पेशव की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क है ; और

(ङ) राज्य में इन हवाई पट्टियों वायुदूत सेवाएं पुनः शुरु करने के संबंध वर्तमान स्थिति क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख जी, हां । वाणिज्यिक और प्रचालनात्म कारणों से मध्य प्रदेश राज्य में वायु की सेवाएं बन्द कर दी गई हैं ।

(ग) और (घ) जबलपुर हवाई पर 6500 फुट तक धावनपथ के वि के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नि 7 ए कड़ भूमि सौंपी है । तथ

राज्य सरकार ने जबलपुर हवाई अड्डे के विस्तार के खर्चे पर अपनी असमर्थता व्यक्त की है ।

(ङ) वायुदूत की मध्य प्रदेश राज्य में सेवाओं को पुनः प्रारंभ करने के लिए कोई तत्काल योजना नहीं है ।

निजी हवाई कम्पनियों से हवाई अड्डा प्रभार लिया जाना

1418. श्री दिग्विजय सिंह:
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कुल कितनी निजी हवाई कंपनियां हैं और वे कब से प्रचालन रत हैं, उनमें से प्रत्येक कंपनी के पास कितने विमान हैं और वह अपने विमान को सरकारी हवाई अड्डे पर रखने, वहां से उड़ान भरने और वहां उतारने के लिए सरकार को प्रति विमान कितना किराया देती है ;

(ख) क्या यह सच है कि उनमें से कुछ कंपनियों ने किराए की बकाया राशि काफी समय से नहीं दी है और यदि हां, तो इन कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं और उनमें से प्रत्येक पर किराए की कुल कितनी-कितनी राशि बकाया है और उन्होंने कब से किराए की बकाया राशि नहीं दी है ; और

(ग) क्या सरकार ने उनसे किराए की राशि वसूल करने के लिए कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) 1-8-94 की स्थिति के अनुसार हवाई टैक्सी परमिट धारकों की संख्या 17 है । हवाई टैक्सी परमिटधारकों की सूची तथा परमिट जारी करने की तारीख और उनके वर्तमान बेड़े की विमान संख्या विवरण-I पर संलग्न है (नीचे देखिए)

(ख) निजी प्रचालकों सहित सभी प्रचालकों को हवाई अड्डा प्राधिकारियों को अधिसूचित अवतरण, पार्किंग तथा आर एन एफ प्रभारों का भुगतान करना होता है । हवाई टैक्सी प्रचालकों द्वारा राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय बकाया राशियों के ब्यौरे विवरण-II के रूप में संलग्न हैं । (नीचे देखिए) अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय राशियों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है ।

(ग) हवाई अड्डा प्राधिकारी सभी मामलों पर नजर रखते हैं और चूककर्ता प्रचालकों के मामले में प्रतिभूति के प्रति समंजन, कानूनी कार्रवाईयों तथा अग्रिम भुगतान जैसी कार्रवाई करते हैं ।

विवरण-I

21-7-94 की स्थिति के अनुसार हवाई टैक्सी ऑपरेटरों और उनके बेड़े की विमान संख्या की सूची

क्र. सं.	प्रचालक का नाम	वर्तमान बेड़े की विमान संख्या		परमिट जारी करने की तिथि
1	2	3		4
1	ईस्ट वेस्ट एयरलाइन्स	बोइंग 737-200	7	26.2.92
		फोक्कर एफ-27	3	
2	जे एयरवेज	बोइंग 737-300	4	4-5-93
		बोइंग 737-400	2	